दिनांक : 10.03.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- शिवपुरी जिले का माधव राष्ट्रीय उद्यान बना प्रदेश का नया बाघ अभयारण्य, मुख्यमंत्री ने कहा- अब चंबल क्षेत्र में भी बाघों की संख्या बढ़ेगी।
- विधानसभा का बजट सत्र शुरू, राज्यपाल ने बताया कि सभी वर्गों का रखा जा रहा है ध्यान।
- डॉ. अम्बेडकर नगर महू में स्थिति शांतिपूर्ण, दोषियों की धड्पकड़ जारी ।
- महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट में आज मुंबई इंडियंस का सामना गुजरात जायंट्स से होगा।

अब समाचार विस्तार से:–

माधव राष्ट्रीय उद्यान

शिवपुरी जिले में स्थित माधव राष्ट्रीय उद्यान को प्रदेश का नया बाघ अभयारण्य घोषित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज एक बाघिन को छोड़ा और इसे औपचारिक रूप से बाघ अभयारण्य घोषित किया। मुख्यमंत्री ने उद्यान की सुरक्षा के लिए बनाई गई 13 किलोमीटर लंबी दीवार का भी उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अब चंबल क्षेत्र में भी बाघों की संख्या बढ़ेगी।

माधव राष्ट्रीय उद्यान में पन्ना से लायी गयी बाघिन को छोड़े जाने के बाद अब इस बाघ अभयारण्य में बाघों की संख्या 6 हो गई है। पन्ना टाइगर रिजर्व की फील्ड डायरेक्टर श्रीमती अंजना सुचिता तिर्की ने बताया कि करीब 25 माह की यह युवा बाघिन अब मध्यप्रदेश के माधव टाइगर रिजर्व में अपना नया आशियाना बनाएगी।

विधानसभा का बजट सत्र

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र आज राज्यपाल मंगूभाई भाई पटेल के अभिभाषण से आरंभ हुआ। राज्यपाल ने कहा कि उनकी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' से कदमताल करते हुए विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य के लिए काम कर रही है।

राज्यपाल ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को लैपटॉप और ई-स्कूटी देने की योजना का भी जिक्र किया। राज्यपाल ने करीब 25 मिनिट के लिखित अभिभाषण में बताया कि इन्वेस्टर्स समिट में सरकार को 30 लाख 77 हजार करोड़ रुपए के पूंजी निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

## व्यवसायिक शिक्षा

स्कूल शिक्षा विभाग ने नये शैक्षणिक सत्र में 700 नये उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नये ट्रेड एवं जॉब रोल्स शुरू करने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार के शिक्षा विभाग को भेजा है। यह ट्रेड 21वीं सदी के नवीन कौशल उन्नयन पर आधारित है। वर्तमान में 2 हजार 383 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के कोर्स चल रहे है। इन्हें मिलाकर प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा देने वाले स्कूलों की संख्या 3 हजार से अधिक हो जायेगी।

## राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह

देश में 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। यह सप्ताह हर वर्ष 4 से 10 मार्च के बीच मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में सुरक्षा सावधानियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस वर्ष का विषय है 'विकसित भारत के लिए सुरक्षा और स्वास्थ्य महत्वपूर्ण'। ये विकसित भारत के लिए सुरक्षा के महत्व पर केंद्रित है।

## महू में शांति

इंदौर के डॉ. अम्बेडकर नगर महू में कल घटना के बाद स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है। एहतियात के रूप में सुरक्षा के माकूल इंतजाम किये गए है। दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि घटना की विस्तृत जांच कराई जा रही है। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जायेगा। अभी तक 13 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। कुछ आरोपियों के विरूद्ध रासुका के तहत भी कार्रवाई की जायेगी।

## होली विशेष रेलगाडी

उत्तर रेलवे, होली पर यात्रियों की सुविधा के लिए 400 से अधिक विशेष रेलगाड़ियां चला रहा है। नई दिल्ली, आनंद विहार और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए सुरक्षा व्यवस्था, मिनी कंट्रोल रूम और प्रतीक्षा स्थल बनाए गए हैं। जरूरत पड़ने पर और विशेष रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी। केवल वैध रेल टिकट वाले यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर प्रवेश मिलेगा। प्रदेश में भी होली के अवसर पर कई विशेष ट्रेन चलाई जा रही हैं.

## शहडोल दुग्ध उत्पादन

शहडोल जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से महिलाओं ने दुग्ध उत्पादन को अपने आय का जरिया बनाया और आज दूसरी महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं। ब्यौहारी तहसील के 17 गांव में 216 महिलाएं दुग्ध उत्पादन कर आर्थिक रुप से समृद्ध हुई हैं। ये महिलाएं अलग—अलग समूह बनाकर 684 गाय—भैंस से प्रतिदिन 2 हजार लीटर दूध का उत्पादन करती हैं। यह दूध शहडोल के अलावा रीवा तक भेजा जाता है। इस काम के लिए कोई डेयरी फार्म नहीं

खोला गया है। समूह की सदस्य महिलाएं घर पर ही 2—4 गाय—भैंस पालकर अपना व्यवसाय करती हैं।

भारत गौरव ट्रेन

प्रदेश के लोगों की सुविधा के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रैन का संचालन किया जा रहा है। यह ट्रेन दिनांक 25 मार्च को रीवा शहर से ज्योतिर्लिंग, द्वारका एवं शिर्डी यात्रा के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन मध्यप्रदेश के रीवा, सतना, मैहर, कटनी,जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, रानी,

कमलापति, शुजालपुर, इंदौर, देवास, उज्जैन एवं रतलाम स्टेशनों से होते हुए जाएगी।

डब्ल्यूपीएल

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट में आज मुंबई इंडियंस का सामना गुजरात जायंट्स से होगा। यह मैच मुंबई में शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। दोनों ही टीमें दिल्ली कैपिटल्स के साथ प्लेऑफ में जगह बना चुकी हैं। आज के मैच में टूर्नामेंट का पहला फाइनलिस्ट तय हो सकता है।

लोकसभा गंगा

केन्द्र ने कहा है कि प्रयागराज में हाल ही में संपन्न महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम पर गंगा का पानी स्नान के लिए उपयुक्त था। पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट का हवाला देते हुए आज लोकसभा में यह जानकारी दी। श्री यादव ने कहा कि सरकार ने वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के लिए कुल सात हजार 421 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की है।

समाचार संक्षेप में :-

- सीहोर जिले में विगत 18 फरवरी से दस्तक अभियान का द्वितीय चरण चलाया जा रहा है। यह अभियान आगामी 18 मार्च तक चलेगा |
- राजगढ जिले में प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार 2024 के अंतर्गत आकांक्षी विकासखंड श्रेणी हेतु जीरापुर विकासखंड को शार्ट लिस्ट किया गया है।
- दतिया में आज किशोर न्याय भवन का लोकार्पण हुआ. प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश संजीव श्रीवास्तव, कलेक्टर संदीप कुमार माकिन एवं पुलिस अधीक्षक बीरेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से लोकार्पण किया गया ।
- सिंगरौली जिले में होली, रमजान, रामनवमी, महावीर जयंती त्योहारो के दृष्टिगत जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा करने आए रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद द्वारा जिले में चल रहे निर्माण कार्यो की समीक्षा की गयी.

- बालाघाट में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसानों की पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। किसानों के पंजीयन के लिए बनाए केंद्रों की कलेक्टर मृणाल मीना ने समीक्षा की।
- पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में बैंकर्स की जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आगामी 20 मार्च को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होगी।
- झाबुआ में भगोरिया में विभिन्न योजनाओं से छुटे हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं।
- देवास में जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला एवं जिला स्तरीय सेमीनार का आयोजन आज और कल कृषि उपज मण्डी समिति प्रांगण में किया गया है।
- अशोकनगर जिले में निरोगी काया अभियान 31 मार्च तक संचालित किया जा रहा है।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- शिवपुरी जिले का माधव राष्ट्रीय उद्यान बना प्रदेश का नया बाघ अभयारण्य, मुख्यमंत्री ने कहा- अब चंबल क्षेत्र में भी बाघों की संख्या बढ़ेगी।
- विधानसभा का बजट सत्र शुरू, राज्यपाल ने बताया कि सभी वर्गों का रखा जा रहा है ध्यान।
- डॉ. अम्बेडकर नगर महू में स्थिति शांतिपूर्ण, दोषियों की धड़पकड़ जारी ।
- महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट में आज मुंबई इंडियंस का सामना गुजरात जायंट्स से होगा।

....................